'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2017-18
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 15.06.2017
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी–22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन : 23354841–42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 20 ● अंक 14 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 1 से 15 जून, 2017

27 व 28 मई को शिमला में

परिसंघ का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर उद्यान आडोटोरियम, नव विहार शिमला में गत् 27–28 मई, 2017 को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर के लिए परिसंघ के राष्ट्रीय सचिव श्री परमेन्द्र एवं कोषाध्यक्ष श्री संजय राज पिछले 2 महीने से तैयारी में लगे हुए थे। श्री परमेन्द्र जी ने बुद्धवंदना व पंचशील से प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की और उपस्थित जन समूह को बाबा साहेब द्वारा सुझायी गयी 22 प्रतिज्ञाएं दिलाई। पूरे प्रशिक्षण में मुख्यतः दो विषयों पर जोर दिया गया, पहला, संविधान में प्रदत्त भागीदारी को बचाए रखने के लिए संघर्ष और दूसरा, भारतीय समाज को अंधविश्वासमुक्त बनाकर जातिविहीन समतामूलक समाज की स्थापना करना।

डॉ. उदित राज का स्वागत करते हुए सीताराम बंसल, निहाल सिंह, आसाराम, राम प्रकाश व अमर देव साथ खड़ी सविता कादियान पंवार

प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. उदित राज ने कहा कि एक दो घंटे की मीटिंग बुला लेने से वह प्रभाव नहीं पड़ पाता जो बाहर ले जाकर प्रशिक्षण देने में होता है। पहले दिन का प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि अभी शिमला पहुंचने में ट्रैफिक की वजह से हम सभी के 4–5 घंटे ट्रैफिक में खराब हो गया तो लगा कि कहीं हमने गलत जगह का चुनाव तो नहीं कर लिया लेकिन यहां पहुंचने पर पता लगा कि हम लोगों ने प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त जगह का चुनाव किया है।

उन्होंने आर.एस.एस. का उदाहरण देते हुए कहा कि उनका कैडर बहुत मजबूत होता है। उनके यहां जब प्रशिक्षण होता है तो हर किसी का मोबाइल फोन बाहर रखवा दिया जाता है, चाहे वह कितना ही प्रभावशाली व्यक्ति हो। इसलिए हम सभी जब प्रशिक्षण में रहें तो कम से कम अपना मोबाइल बंद रखें। वे लोग जब सीखने के लिए जाते हैं तो कोई पूर्वाग्रह नहीं होता, भाषण की मांग नहीं करते, मंच पर बैठने की चाहत नहीं होती, सिर्फ और सिर्फ सीखने की चाहत होती है। आप सभी तन से यहां हैं ही, पूरे मन से ध्यान केन्द्रित करके सीखने की कोशिश करें, क्योंकि वर्तमान हालातों को देखते हुए आप सभी का कैडर देने के लिए तैयार होना बड़ा जरूरी है। किसी आदमी के पास अक्ल की कमी नहीं होती और कोई ऐसा नहीं होता कि उसको बहुत ज्यादा अक्ल हो। सिर्फ कोशिश से यह संभव है। उन्होंने सुकरात का जिक्र करते हुए कहा कि उनका एक शिष्य आया और उनसे पूछा कि आपकी सफलता का राज क्या है? या कैसे सफलता प्राप्त की जा सकती है तो उन्होंने कहा कि कल आना फिर बताउंगा। दूसरे दिन आया तो फिर से वही जिद की। तब सुकरात उसको नदी के किनारे लेकर गए और उसे गहरे पानी में फेंक दिया। जब निकलने की कोशिश किया तो फिर से उसे पानी में डुबो दिया, बार–बार उसकी निकलने की कोशिश पर उसे डुबोते रहे और जब उसकी हालत खराब हो गयी तो उसे पानी से निकाल लिया। जब वह नार्मल हुआ तो सुकरात ने पूछा कि जब तुम डूब रहे थे तो सबसे ज्यादा किस बात की कोशिश कर रहे थे, तब उसने बताया कि जान बचाने और सांस लेने के लिए। तब सुकरात ने कहा कि यही सफलता का राज है कि जब तुम किसी कार्य में जी–जान से लगोगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। जिस तरह से डूबता हुआ व्यक्ति जान बचाने और सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहा होगा तो उसके दिमाग में करोबार, रोजमर्रा की जीचें, परिवार, रिश्तेदार कुछ भी दिमाग में नहीं आएगा। इसी तरह सबकुछ भूल कर एक दिशा में प्रयास किया जाए तो सफलता असंभव नहीं है। डॉ. उदित राज जी ने अपने बारे में बताते हुए कहा कि मैं भी संघर्षों के दौर से गुजरा हूं। घर का माहौल पढ़ाई–लिखाई का नहीं था। मैं कभी साधारण सा विद्यार्थी था, बहुत प्रतिभाशाली नहीं था, लेकिन प्रयास रहता था कि अच्छा करूं। किसी काम के पीछे लगा तो उसे लक्ष्य बनाकर उसी दिशा में प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि महिला का कोई अपना अधिकार नहीं होता। पुरूष घर का मालिक, लेन–देन का मालिक, शादी–विवाह का मालिक, श्राद्ध करने का अधिकार, अंतिम संस्कार का अधिकार है, लेकिन महिला अपनी शरीर की भी मालिक नहीं है। महिला का मालिक या तो उसका पति होता है या पूरा समाज होता है। महिला अपनी शरीर की भी मालिक नहीं है, लेकिन जब तक एहसास न कराया जाए क्रांति नहीं होती। जब संविधान हमें बराबरी का दर्जा देता है, बोलने की भी आजादी देता है। देश संविधान से तो पूरी तरह नहीं चलता। धर्मग्रंथों, स्वीकार्य नहीं। यही कारण है कि जब हम अपनी पार्टी बनाते हैं तो हमें उनका वोट नहीं मिलता। मैंने भी इंडियन जस्टिस पार्टी बनायी थी, लेकिन अपेक्षित समर्थन समाज से नहीं मिला, जिसके कारण इस तरह का समझौता करना पड़ा।

बहुजन समाज पार्टी में ज्यादातर पदाधिकारी एक ही जाति से होते हैं, लेकिन हमारे परिसंघ में कोई भी पद जाति देखकर नहीं बल्कि योग्यता देखकर निर्धारित की जाती है। सुश्री मायावती जी ने कई बार आलोचना करते हुए कहा है कि उदित राज अमुक जाति का है, पासवान जी अमुक जाति से हैं। जब बंगारू लक्ष्मण जी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने तो उन्हें कहा कि वे तो सफाई करने वाली जाति से हैं। इस तरह से हम कभी एकत्रित नहीं हो सकते। आज कोई भी आपके अधिकार छीन ले कोई बोलने वाला नहीं है। जब कोई सरकारी नौकरी में जाता है तो उसके परिवार को ही नहीं बल्कि मोहल्ले और रिश्तेदारों तक को

उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए डॉ. उदित राज

उसका लाभ मिलता है।

एक सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को कम करके आंकना ठीक नहीं है। 1997 से आरक्षण बचाने की लड़ाई लड़ रहा हूं, खुद आईआरएस रहा हूं तो सरकारी कर्मचारियों के महत्त्व को जानता हूं।

(शेष पृष्ठ 2 पर)

(पृष्ठ 1 का शेष)

इनका महत्त्व किसी भी दशा में एम. पी. या एम.एल.ए. से कम नहीं है। 1997 एवं 2000 के बीच पूरे देश में 40-45 लाख दलित सरकारी अधिकारी-कर्मचारी हुआ करते थे, जिनकी संख्या घटकर आज 20-25 लाख रह गयी है। इसलिए कहा जा सकता है कि 40 लाख से अधिक लोगों ने दलित समाज का नेतृत्व किया था, जिसके कारण ही इनका कुछ विकास हो सका। यदि दलितों को पढ़ाई-लिखाई करने के बाद यदि निजी क्षेत्र में नौकरी मिल भी जाती है और अच्छी तनख्वाह भी हो तो क्या वह मुंह खोलने की स्थिति में होता है? जैसे ही मुंह खोलने की कोशिश करेगा, उसे नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा, लेकिन सरकारी क्षेत्र में ऐसा नहीं है, वह समाज के लिए लड़ सकता है। निजी क्षेत्र में ज्यादातर जान-पहचान वालों की नियुक्ति की जाती है। इसलिए वहां नौकरी पाना भी बड़ी समस्या है।

अब सवाल उठता है कि निजी क्षेत्र व पदोन्नति में आरक्षण के लिए क्या ब्राह्मण, राजपूत या जाट भाई समर्थन देंगें? यह तो अपने समाज से ही मिल सकता है। राजनैतिक सत्ता तो आवश्यक है ही लेकिन सामाजिक ताक़त से भी अधिकार मिल सकते हैं। जाटों ने सामाजिक ताक़त के बल पर ही आरक्षण लिया। मोदी जैसे मजबूत प्रधानमंत्री को उनकी बात माननी पड़ी और अब ओ.बी.सी. कमीशन को संवैधानिक दर्जा भी मिलने जा रहा है। पटेल आंदोलन को देखो। 4-5 लाख पटेलों ने एकजुट होकर आंदोलन किया गुजरात जैसे राज्य में उनके लिए आरक्षण का प्रावधान करना पड़ सकता है। यदि हम समझते हैं कि हमारे राजनैतिक लोग हमारे अधिकारों को बचाने के लिए कुछ करेंगें तो हमें आज ही यह सोच बदलनी पड़ेगी। उपरोक्त उदाहरणों से देखा जा सकता है कि सामाजिक आंदोलनों के सामने सरकारें झुकीं हैं, ऐसा हमें भी करना पड़ेगा। पूर्व में हमने अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के माध्यम से सामाजिक ताक़त के माध्यम से ही हमने तीन संवैधानिक संशोधन कराकर आरक्षण बचाने का कार्य किया है। लोक पाल में आरक्षण की व्यवस्था इसी वजह से हो सकी। निजी क्षेत्र में आरक्षण का राष्ट्रीय मुद्दा हमारे आंदोलन की वजह से ही हो सका। लाखों लोगों को 2001 में बौद्ध धर्म में दीक्षा दिलाई। दीक्षा के बाद हमारा प्रयास था कि एक लाख लोगों का अंतर्जातीय विवाह एक मंच पर कराकर जाति तोड़ने का काम करें लेकिन सोची समझी साजिश के तहत लोगों की जातीय भवना भड़काकर लोगों को हमारे आंदोलन से दूर करने की कोशिश की गयी। 2001 में मान्यवर कांशीराम जी ने भोपाल में कहा कि वे पांच करोड़ लोगों की दीक्षा कराएंगें। 2006 में मायावती जी ने भी नागपुर में बोला था कि वे पांच करोड़ लोगों के साथ बौद्ध धर्म की दीक्षा लेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि मेरी जाति के लोग दाल में नमक की तरह हैं। जिस तरह से हम सामाजिक रूप से इतने विभाजित हैं, तो किसी दुश्मन की जरूरत नहीं है, हमें नुकसान पहुंचाने के लिए।

प्रशिक्षण शिविर में मंच पर बैठे डॉ. उदित राज के साथ सीताराम बंसल, सत्यनारायण एवं अर्चना भोयर

पी.वी. नरसिंहराव ने 1990 में निजीकरण की नीति शुरू की और उसके बाद से यह सिलसिला चल पड़ा। अब तो इसके खिलाफ कोई बोलने वाला ही नहीं है। अब तो सीधे अखबारों व टीवी चैनलों में आता है कि बजट में धन की कमी को विनिवेश या निजीकरण करके पूरा किया जाएगा। सीधे कहा जाता है कि एफडीआई 100 प्रतिशत कर दो। इससे किसका नुकसान होने वाला है। यदि 100 प्रतिशत एफडीआई डिफेंस में हो जाए तो पिस्तौल, गोला-बारूद से लेकर हर चीज निजी कंपनियों द्वारा निर्मित की जाएंगी और कर्मचारियों व अधिकारियों की आवश्यकता नहीं होगी। अभी हाल में देश के 23 बड़े रेलवे स्टेशनों को निजी हाथों में देने का फेसला किया गया है। इतने बड़े नुकसान पर भी देश के किसी कोने से आवाज नहीं उठ रही है।

उन्होंने सोसल मीडिया का महत्त्व विस्तार से बताया और सभी को परिसंघ के फेसबुक, ट्वीटर व यूट्यूब चैनल से जुड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि हम सबसे सरल काम सोसल मीडिया से भी नहीं जुड़ सके तो हमारे अधिकार बचने वाले नहीं हैं।

हम लोगों को यहां से सीखने के बाद उसे घर तक इस सोच को ले जाना चाहिए, लेकिन ज्यादातर लोग यहां जो सीखते हैं, यहीं छोड़कर चले जाते हैं। उसे अपने व्यावहारिक जीवन में उतारने का प्रयास नहीं करते। यही कारण है कि बार-बार इस तरह के शिविर आयोजित करने के बाद भी हम असफल रह जाते हैं।

उ.प्र. से आए प्रशिक्षकों जैसे - रामहेत अनुरागी एवं प्रो. स्वयं प्रकाश ने अपने अनुभवों से लोगों को प्रशिक्षित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दिल्ली से मुख्य रूप से परमेन्द्र, संजय राज, सी.पी. सोनी, सत्यनारायण, बाबू लाल, सुमित, इन्द्रेश चंन्द्र, सविता कादियान पंवार, भानु पुनिया, अशोक लुहेरा, डॉ. रवीन्द्र, संजय जाटव, शैलेश मोहन, मास्टर राम कुमार, डॉ. गोविल, विक्रम बौद्ध एवं शिमला परिसंघ से सीताराम बंसल, आशाराम, निहाल सिंह, राम प्रकाश, अमरदेव, रूप लाल आदि ने विशेष योगदान दिया।

***

सिविल सेवा परीक्षा में जातीय भेदभाव

UPSC: विकलांगों को भी नहीं छोड़ा, लिखित में आगे हैं OBC लेकिन इंटरव्यू में कम कर दिए मार्क्स

नई दिल्ली। नेशनल जनमत ब्यूरो

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा को देश की क्या विश्व की सबसे बड़ी परीक्षा माना जाता है। सामान्य घरों से लेकर अमीर घराने के लड़के भी आईएएस बनने का ख्वाब पाले इस परीक्षा में बैठते हैं। लेकिन हैरत होती है ये सोचकर कि इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वाले पद पर बैठे व्यक्ति भी जातिवाद से ओतप्रोत होते हैं।

इतना तो स्पष्ट है कि इस देश में रहने वाला तकरीबन हर व्यक्ति एक खास जाति लेकर पैदा होता है। तो जो लोग चयन प्रक्रिया में शामिल होते हैं उनको कैसे जाति से विमुक्त माना जाए। अक्सर यूपीएससी से लेकर अन्य परीक्षाओं में ओबीसी और एससी कैटेगरी के छात्रों को इंटरव्यू में कम मार्क्स देने की बात सामने आती रहती है। लेकिन इस बार तो जातिवादियों ने हद ही पार कर दी विकलांग छात्रों को जाति के चश्मे से देखा गया।

ज्यादा नम्बर पाने के बाद भी ओबीसी विकलांग का सिलेक्शन नहीं

संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण के तहत यूपीएससी में एससी-एसटी-ओबीसी और विकलांग अभ्यर्थियों को आरक्षण दिया जाता है। नियमानुसार तीन प्रतिशत सीटें विकलांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। इस बार 1099 कुल पद के अनुसार 33 सीटें विकलांग अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षित थीं। लेकिन अंतिम चयन हुआ 44 अभ्यर्थियों का। खैर इसमें कोई दिक्कत की बात भी नहीं।

44 में से 35 सवर्णों का हो गया सिलेक्शन-

असली खेल यहीं से शुरू हुआ विकलांगों का जो अंतिम चयन हुआ उसमें जमकर जाति का खेल खेला गया। कुल 44 चयनित विकलांग अभ्यर्थियो में से 35 सवर्णो का चयन कर लिया गया। लिखित परीक्षा में ज्यादा नंबर लाने के बाद भी सिर्फ 9 ओबीसी चयनित हो पाए। एससी-एसटी का कोई छात्र चयनित नहीं हुआ।

इस लिहाज से देखें तो विकलांग कोटे के तहत चयनित अभ्यर्थियों में से 80 प्रतिशत सीटें सामान्य वर्ग को दे दी गईं। इतना ही नहीं खेल यहां भी खेला गया। आप खुद देखिए ओबीसी छात्रों को लिखित में ज्यादा नंबर मिलने के बाद भी इंटरव्यू में उनको कम देकर रोकने की कोशिश की गई।

हैरान करने वाली बात है ये-

2011 की जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार भारत मे एससी की 18 प्रतिशत जनसंख्या और एसटी की 15 प्रतिशत जनसंख्या विकलांग है। जबकि पूरे देश का औसत 2.5 प्रतिशत है। ऐसे में विकलांग कैटेगरी में किसी भी एससी एसटी का चयन न होना हैरान करने वाली बात है।

http://nationaljanmat-com/physically&handicaped&obc&sc&st&interview/

***

देश से सवाल

डॉ. उदित राज

सहारनपुर में दलित और ठाकुर का जो खूनी झगडा है क्या इसका सरोकार देश के हर नागरिक से नहीं है। क्या सरकार की ही चिंता झगडा शांत कराने की है ? क्या पूरे देश से हर कोने से आवाज नही उठनी चाहिए कि बस हो गया अब कितना कीमत चुकायेंगे। देश बार-बार पराजित होता रहा मुख्य कारण जाति ही रही है। जो आया वह जीता और पराधीनता से बड़ी कोई हानि हो नही सकती। हजारों साल से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, सूद्र देश में एक साथ रह रहे हैं और अभी भी दीवारे पटने का नाम नही ले रही हैं। क्यों नही लोग सोचते कि जब तक जाति है तब तक जनतंत्र का स्वरुप भी वैसा ही होगा। जैसा शासन-प्रशासन का ढांचा होगा। केवल राजनीति से अर्थात सरकार से देश आगे नहीं जा सकता जब तक कि समाज में रह रहे विभिन्न वर्ग चाहे बुद्धजीवी, स्वयंसेवी संस्था, कर्मचारी-अधिकारी स्वतः न सोंचे कि इस अभिशाप को खत्म करना है।

जनतंत्र की अवधारणा पाश्चात्य देश में हुई और हमने शासन-प्रशासन के लिए इसे अपनाया। जो जनतंत्र यूरोप और अमेरिका में है वहां के समाज के अनुरुप ज्यादा रहा है लेकिन हम कमोवेश उसी मंडल को अपने यहाँ लागू किये जबकि अपनी सामाजिक, धार्मिक एवं संस्कृतिक परिस्थिति के हिसाब से इसको अपनाना और फिर विकसित करना चाहिए था। सरकार का चरित्र कल्याणकारी हो जो कि सभी जनतंत्र में होता है लेकिन समाज के ताना-बाना को न छुए तो उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती है। दलित-पिछड़े और महिलाओ की भागेदारी और विकास सरकारों के प्रयास से ज्यादा हुआ लेकिन दूसरा पक्ष अनछुआ ही रहा। एक तरफ कल्याणकारी योजनायें चलती रहती हैं और दूसरी तरफ जात-पात और सामाजिक ढांचे में कोई परिवर्तन का प्रयास न हो तो फासला बना ही रहेगा। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि समाज में भेदभाव यथावत रहे तो सरकारी प्रयास भी निरर्थक साबित होते रहेंगे। यही वजह है कि सहारनपुर जैसे खूनी झगडे होते हैं। यही नहीं कुछ लोगों ने भरपूर प्रयास किया कि जाति का बंधन और मजबूत हो ताकि राजनैतिक और सामजिक लाभ नेतृत्व को मिलता रहे।

सहारनपुर की घटना से किसी को कोई लाभ नहीं मिल सकता है। न तो ठाकुरों को लाभ मिलेगा और दलितों का तो होना ही नहीं है। जितनी भावना और शक्ति इस झगडे में खर्च हुई अगर वही स्वच्छता या शिक्षा या सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लगी होती तो प्रभावित इलाके में काया पलट सकती थी। क्या लोग स्वच्छता या किसी अच्छे मकसद के लिए जान देने और लेने तक सोंच सकते हैं, कदापि नहीं अगर ऐसा होता तो भारत दुनिया में सबसे आगे होता। झूठी शान, मूछ की लड़ाई, जाति का वर्चस्व से क्या देश का 1 इंच भला हो सकता है। यदि यही उर्जा सरकारी योजनाओं को लागू कराने में या भ्रष्टाचार खत्म करने में लगी होती तो हम कितने आगे निकल सकते थे। जिस तरह से इस निरर्थक उद्देश्य के लिए भूखे प्यासे और काम बंद करके मारपीट के लिए निकले हैं

***

27 मई को दैनिक जागरण में प्रकाशित लेख

जस्टिस कर्णन गलती पर तो सुप्रीम कोर्ट क्यों

डॉ. उदित राज

दुनिया में जितना आजाद और स्वायत्त हमारी उच्च न्यायपालिका है उतना कहीं और नहीं है । किसी भी देश में न्यायाधीश अपने को नियुक्त नहीं करते जो हमारे यहाँ है। संविधान की धारा 124 और 214 के तहत सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है और सुप्रीम कोर्ट की भूमिका सलाहकार के रूप में है। 6 अक्टूबर 1993 को सुप्रीम कोर्ट वर्सेस यूनियन ऑफ इंडिया जिसमे पेटिशनर सुप्रीम कोर्ट एडोकेट्स ऑन रिकार्ड्स एसोसिएशन थी, फैसला दिया कि कार्यपालिका की भूमिका जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका से कम होगी अर्थात् चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की नियुक्ति में भूमिका निर्णायक होगी । यह संविधान की मंशा के विरुद्ध किया गया। 1998 में राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि संविधान की धारा 143 में कंसल्टेशन से क्या आशय है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया कि मुख्य न्यायधीश के अलावा 4 वरिष्ठ न्यायाधीश कोलोजियम का हिस्सा होंगे। इस तरह से और स्पष्ट कर दिया कि न्यायपालिका की नियुक्ति में अधिकार अंतिम होगा। अमेरिका में सीनेट और राष्ट्रपति जज की नियुक्ति करते है। जर्मनी में पार्लियामेंट के द्वारा नियुक्त किये जाते है और रूस में भी लगभग यही स्थिति है। हमने ब्रिटिश सिस्टम को अपनाया और वहां भी जज को जज नियुक्त नहीं करते है।

राजनीतिज्ञों के प्रति सहानुभूति कम और न्यायपालिका में ज्यादा की स्थिति में कार्यपालिका कमजोर होती गयी। दिन-प्रतिदिन उच्च न्यायपालिका ताकतवर बनती गयी और फिर भी सरकार के ऊपर आरोप लगता रहा कि वह इसके स्वायत्ता पर आक्रमण कर रही है। मीडिया की मेहरबानी कुछ ज्यादा ही रही। धीरे-धीरे उच्च न्यायपालिका कानून बनाने का काम करने लगी। यहीं तक मामला नहीं रुका बल्कि प्रशासनिक और जांच का भी कार्य लेने लगी। अपने अधीन टास्क फोर्स बनाकर या अन्य माध्यम से भ्रष्टाचार जैसे मामलों में जांच करने लगी। यहाँ तक कि अधिकारियों की तैनाती भी करने लगे। सरकार के द्वारा किये जा रहे तमाम कार्यों और योजनाओ का मूल्यांकन भी करने लगे। समय-समय पर कार्यपालिका एवं विधायिका को निर्देश, आदेश और सलाह तो देते ही रहे हैं। अपने को दूध का धुला और बाकी शेष की कमी निकालना और डांटना दैनिक गतिविधि हो गयी।

सरकार ने नेशनल ज्युडिशियल अप इंटमेंट कमीशन संविधान संशोधन करके बनाया। 5 जजों की पीठ ने इस संवैधानिक संशोधन को गैर- संवैधानिक करार कर दिया। संवैधानिक संशोधन जब संसद करती है तो उसके पीछे देश की जनता की सहमति होती है। इस देश की लगभग सवा सौ करोड़ जनता की राय को पांच जजों ने अवैध ठहरा दिया। संवैधानिक स्थिति यह है कि न्यायपालिका का कार्य जो कानून है उसका व्याखान करना। परिस्थिति ऐसी बन गयी है कि दादा के समय का मुकदमा बेटे और पोते के जमाने में निबटाये जा रहे है। न केवल यही बल्कि आम आदमी के परे उच्च न्यायपालिका से न्याय लेना और मुश्किल हो गया है। हाल में जस्टिस खरे ने कहा आम आदमी को सोचना भी नहीं चाहिए कि वह उच्च न्यायपालिका से न्याय ले सकता है। कहने का मतलब कि वकील बड़े महगे हो गए जो आम आदमी के बस का नहीं है। वकीलों ने महंगा नहीं किया है बल्कि न्यायपालिका का ऐसा ढांचा और व्यवहार हो गया है कि कुछ वकीलों को ही तवज्जो दिया जाता है। जो ही होगा। बात "फेसवैल्यु" के वकील द्वारा

***

नसोसवाईएफ का दो दिवसीय पांचवा राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर दिल्ली में

नेशनल एस.सी. एस.टी. ओबीसी स्टूडेंट एंड यूथ फ्रंट (नसोसवाईएफ) का पांचवा राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर 9 एवं 10 जून 2017 को दिल्ली में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में 10 राज्यों के छात्र एवं युवा नेता शामिल हुए थे।

नसोसवाईएफ के मुख्य मार्गदर्शक डॉ. उदित राज जी, नसोसवाईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष – डी. हर्षवर्धन, राष्ट्रीय समन्वयक – प्रताप सिंह अहिरवार, परिसंघ के रा. सचिव परमेन्द्र जी ने छात्रों एवं युवाओं का मार्गदर्शन किया।

नसोसवाईएफ के प्रशिक्षण शिविर में आए हुए छात्र नेताओं का मार्गदर्शन करते हुए डॉ. उदित राज जी ने कहा कि कोई भी संगठन समर्पण, त्याग एवं बलिदान करने वाले नेताओं व कार्यकर्त्ताओं पर निर्भर रहता है। संगठन को आगे बढ़ाना है तो कार्यकर्त्ताओं की विचारधारा स्पष्ट होनी जरूरी है और यह विचारधारा जो संगठन की है और जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्त्ता सदा सक्रिय रहने की जरूरत है। नसोसवाईएफ का गठन हुए पांच वर्ष पूरे हो चुके हैं। 12 से 15 राज्यों तक संगठन पहुंचा है। मगर सक्रिय कार्यकर्त्ताओं की कमी के कारण संगठन उठ नहीं पा रहा है। इसीलिए इस प्रशिक्षण शिविर की जरूरत है। कार्यकर्त्ताओं के बीच में उत्साह होना चाहिए। नव समाज का निर्माण करने के संदर्भ में चाहे परिस्थितियां विपरीत हों, फिर भी निःस्वार्थ कार्यकर्त्ता अपनी मेहनत और प्रयास से विपरीत परिस्थितियों पर विजय पाता है, मगर शर्त होती है कामयाबी के लिए मेहनत करने की। उन्होंने आर.एस.एस. के पूर्णकालिक कार्यकर्त्ताओं की कार्यप्रणाली का उदाहरण दिया। वे 20-20 सालों तक घर परिवार में नही जाते। पद पाने की होड़ नहीं रहती। जहां भी उन्हें भेजा जाता है हर समय जाने के लिए तैयार रहते हैं। सुख-सुविधाओं की परवाह नहीं करते। इस तरह का भाव हम लोगों में कम ही दिखाई देता है। संगठन के छात्रों और युवाओं को सोसल मीडिया द्वारा संगठन को मजबूत करने की सलाह दी। सोसल मीडिया का उपयोग ज्यादा से ज्यादा छात्र एवं युवा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से करें। कार्यकर्त्ताओं ने अपने अंदर छुपी हुई निराशा को खत्म करके समाज में फैले हुए जातिवाद को खत्म करने के लिए छात्र एवं युवाओं को संगठन से ज्यादा से ज्यादा जोड़ने की जरूरत है। दूसरे दिन के सत्र में भी डॉ. उदित राज जी उपस्थिति होकर छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि युवाओं को विचारधारा पर जोर देना जरूरी है। वर्तमान स्थिति में दलित, आदिवासियों का जो उत्पीड़न हो रहा है, उसे बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की विचारधारा से ही खत्म किया जा सकता है और विचारधारा से ही समाज में नया परिवर्तन आ सकता है। विचारधारा के सिवाय समाज मूर्तावस्था में होता है। विचारधारा आदमी को नए समाज का निर्माण करने के लिए उकसाती रहती है। विचारधारा से नव सांस्कृतिक परिवर्तन लाना नसोसवाईएफ के कार्यकर्त्ताओं की जिम्मेदारी है। डॉ. उदित राज जी ने कार्यकर्त्ताओं को संगठन को मजबूत करने के लिए बौद्धिक और शारीरिक योगदान देने की बात की। उसी तरह निःस्वार्थ समाज को परिवर्तन करने के लिए कार्य करने के संदर्भ में मार्गदर्शन किया।

इसी प्रशिक्षण शिविर में छात्र व युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए नसोसवाईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डी. हर्षवर्धन ने भारतीय वर्णव्यवस्था के निर्माण के कारण और बौद्ध कालखंड में वर्णव्यवस्था का खात्मा तथा बौद्ध कालखंड के बाद फिर से जाति व्यवस्था का निर्माण और कारण बताए। देश में दलित-आदिवासी और पिछड़ों का संघर्ष उत्तर वैदिक कालखंड में जो इन लोगों के ऊपर जान की पाबंदी लगायी गयी थी, उसी के खिलाफ बौद्ध काल खंड में ज्ञानमुक्ति का संघर्ष शुरू हुआ। यह संघर्ष ज्ञान की पाबंदी के खिलाफ ज्ञानमुक्ति का है। ऐतिहासिक कालखंड से ही दलित-आदिवासी एवं पिछड़ों का ब्राह्मणी और मनुवादी वर्णव्यवस्था के खिलाफ संघर्ष है। हम लोगों को ज्ञान की पाबंदी करके मनुवादी और ब्राह्मणी समाज व्यवस्था में बहिष्कृत और अछूत बनाकर मानवीय विकास के सारे रास्ते बंद करवा दिए गए थे। मगर तथागत बुद्ध, संत कबीर, संत रविदास, महात्मा फुले, सावित्रीबाई फुले, शाहूजी महाराज और बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन हमारे आपके लिए ज्ञान व मुक्ति के संघर्ष में लगा दिया। डी. हर्षवर्धन ने तथागत बुद्ध, संत कबीर, महात्मा फुले, सावित्रीबाई फुले, शाहूजी महाराज और बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्ष के बारे में विस्तृत रूप से छात्रों और युवाओं को बताया। ये महापुरुषों की बदौलत वर्तमान स्थिति में दलित, आदिवासी एवं पिछड़े अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर पा रहे हैं तो उसी तरह जो कुछ विकास संभव हो पाया, वह इन्हीं महापुरुषों की बदौलत है। नसोसवाईएफ बुद्ध, फुले, शाहूजी एवं अम्बेडरवादी विचारों का संगठन है। हम इन्हीं विचारों के दम पर इस देश में समतावादी सामाजिक क्रांति ला सकते हैं। छात्रों ने इसी विचारधारा से ही सक्रिय होकर संगठन को आगे बढ़ाने के लिए वचनबद्ध होना चाहिए, यही जिम्मेदारी इस प्रशिक्षण शिविर में आए हुए सभी छात्रों की है।

इस शिविर में परिसंघ के राष्ट्रीय सचिव, श्री परमेन्द्र जी ने अंधविश्वास को खत्म करने के बारे में छात्रों को मार्गदर्शित किया। उसी तरह गुलामीवादी संस्कृति को नकार के मनवतावादी संस्कृति बनाने के बारे में अपनी बात रखी।

इस प्रशिक्षण शिविर में छात्रों एवं युवा नेताओं को संगठनात्मक कार्य करने के संदर्भ में राष्ट्रीय समन्वयक प्रताप सिंह अहिरवार ने मार्गदर्शन किया। उसी तरह संगठन की रणनीति और संगठन की योजनाओं के बारे में युवा नेताओं को बताया। सदस्यता लेने के संदर्भ में के. बालाजी और रवि सूर्यवंशी ने मार्गदर्शन किया। सोसल मीडिया के बारे में आलोक कुमार और विवेक सिंह विराट ने मार्गदर्शन किया। उसी तरह आने वाले सितंबर तक सभी राज्यों में राज्य स्तरीय सम्मेलन करने के संदर्भ में प्रशिक्षण शिविर में निर्णय लिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में बिहार, उ.प्र., हरियाणा, म. प्र., राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, कर्नाटक, गुजरात व दिल्ली के साथी उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए संजय राज जी ने कड़ी मेहनत की।

– डी. हर्षवर्धन
राष्ट्रीय अध्यक्ष
7709975562

***

दिल्ली परिसंघ के लोक सभा क्षेत्र स्तरीय सम्मेलन

दिल्ली परिसंघ के सभी सातों लोक सभा में सम्मेलन आयोजित किए जाने हैं। सबसे पहले लोक सभा क्षेत्र उत्तर पश्चिम दिल्ली का एकदिवसीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन 12 जून 2017 को (सोमवार) सायं 5:30 बजे एम.सी.डी. फ्लैट बारातघर, अवंतिका में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में परिसंघ के कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए परिसंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन, माननीय उदित राज जी ने कहा कि कार्यकर्त्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी होते हैं, हम कार्यकर्त्ताओं से कहना चाहते हैं कि संगठन को जिला, विधान सभा, मंडल, वार्ड, कॉलोनियों तक संगठन को मजबूत करें क्योंकि जितना बड़ा संगठन खड़ा करके हम कार्यकर्त्ता तैयार करेगें उतना ही संगठन मजबूत होगा, जो आज संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने आदि एवं पूरे देश में दलित भाइयों व बहनों पर जो अत्याचार हो रहा है, तभी हम इन सबसे लड़ सकेगें। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग परिसंघ के होलटाइमर बनें। घर छोड़कर दूसरे जिले व दूसरे राज्य में जाकर संगठन को मजबूत करें। सम्मेलन को मुख्य रूप से परमेन्द्र जी, सत्यनारायण, सविता कादियान पंवार, सुनील फौजी, अर्चना, अशोक लुहेरा, संजय राज, राम हेतु, बाबू लाल आदि लोगों ने संबोधित किया। सम्मेलन का संचालन संजय जाटव ने किया।

सम्मेलन में विधान सभा स्तर के पदाधिकारी नियुक्त किए गए, जो इस प्रकार हैं –

नाम	-	विधान सभा
अर्चना	–	प्रभारी, नरेला
धर्म सिंह	–	प्रभारी, बवाना
डॉ. रवीन्द्र	–	अध्यक्ष, बवाना
भानु पुनिया	–	प्रभारी, रोहिणी
संजय सूद	–	प्रभारी, बादली
संदीप	–	प्रभारी, रिठाला
सुरेश चौहान	–	अध्यक्ष, रिठाला
राम आसरे पासवान	–	प्रभारी, किराड़ी
दयानंद	–	प्रभारी, मुंडका
अशोक लुहेरा	–	प्रभारी, सुल्तानपुरी
सुरेश महला	–	प्रभारी मंगोलपुरी
राम करन मास्टर	–	अध्यक्ष, मंगोलपुरी

- बाबू लाल
संगठनमंत्री, दिल्ली प्रदेश
9918023024

***

मुस्लिम शासक औरंगजेब द्वारा किये गए सच्चे कार्यों को छिपाकर झूट दिखाया गया : अमेरिकी इतिहासकार देखें और शेयर करें

ऑड्री की किताब के अनुसार बादशाह बनने के बाद औरंगजेब ने फरवरी 1659 में शाही आदेश जारी करके बनारस के मंदिरों के मामलों में दखलंदाजी न देने की ताकीद की थी। इस आदेश में लिखा था कि "बहुत से लोग नफरत और जलन के कारण बनारस और आसपास के इलाकों के हिंदुओं जिनमें प्राचीन मंदिर की देखरेख करने वाला ब्राह्मण समूह भी है, को तंग करते हैं।

बादशाह अपने मातहतों को आदेश देते हैं कि कोई भी व्यक्ति गैर-कानूनी तरीके से बनारस या आसपास के किसी हिंदू को तंग न करे ताकि वो अपने परंपारगत स्थान पर रह सकें और मुगल सल्तनत की सलामती के लिए दुआ कर सकें।" बनारस के फरमान के बाद औरंगजेब ने कई अन्य जगहों पर ऐसे ही आदेश भेजे जिसमें हिंदुओं को मुगल सल्तनत की सलामती की दुआ के लिए अकेले छोड़ देने की बात कही गई।

औरंगजेब ने गद्दी संभालने के नौवें साल में असम के गुवाहाटी स्थित उमानंद मंदिर जमीन और मालगुजारी वसूलने का अधिकार दिया था। 1680 में उन्होंने आदेश दिया कि बनारस में गंगा घाट पर रहने वाले भागवंत गोसाईं को तंग न किया जाए। 1687 में औरंगजेब ने बनारस में रामजीवन गोसाईं नामक साधू को मंदिर बनाने के लिए जमीन दी थी। ये जमीन एकमस्जिद के पास ही स्थित थीं।1691 में औरंगजेब ने चित्रकूट के महंत बालक दास निर्वाणी को आठ गांव और कर मुक्त जमीन दी थीं।1698 में उन्होंने रंग भट्ट नामक ब्राह्मण को कर मुक्त जमीन दी थीं।इसी तरह उन्होंने अल्लाहाबाद, वृंदावन, बिहार एवं अन्य जगहों पर भी हिंदू संतों और मंदिरों को जमीन एवं अन्य चीजें दी थीं।

http://www-muslimworld-in/2017/03/21/real&story&of&orangjeb/4/

***

अमीर राज्यों और कम रोजगार वाले सेक्टरों की तरफ जा रहा है विदेशी निवेश

एफ.डी.आई. बढ़ रहा है, नौकरियों कहा हैं

वरुण गांधी

ज्यादा रोजगार पैदा करने वाले सेक्टरों में पूंजी नहीं आ रही। न एफडीआई, न देसी। हम रोजगार-विहीन विकास कर रहे हैं

भारत की अर्थव्यवस्था में एक अनोखा अंतर्विरोध दिखाई दे रहा है। विकासशील देशों में एफडीआई को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के लिए रामबाण समझा जाता है। एफडीआई के नियमों में राहत देने और कारोबार आसान बनाने के उपायों के चलते पिछले तीन वर्षों में अपने यहां एफडीआई 28.2 प्रतिशत की तेज रफ्तार से बढ़ा है, फिर भी रोजगार की दर घटी है। देश के 30 फीसद से ज्यादा युवा बेरोजगार हैं। भारत की रोजगार सापेक्षता जीडीपी में बढ़ोत्तरी और रोजगार में वृद्धि का अनुपात 1991 के 0.3 फीसद से गिरकर 0.15 फीसद पर आ गई है। रोजगार में यह गिरावट एफडीआई की सीमाओं को रेखांकित करती है। स्टार्टअप निवेश को लेकर जैसा हल्ला मचा था, उस हिसाब से नौकरियों का ढेर लग जाना चाहिए था। लेकिन इसकी जगह हुआ क्या? नौकरियों में छंटनी का दौर शुरू हो गया और पिछले साल 10 हजार लोग नौकरी गंवा चुके हैं।

बढ़ती विषमता

अगले कुछ वर्षों में टेलिकॉम और ऑटोमोबाइल सेक्टर में कंपनियों के विलय और आईटी जैसे प्रमुख रोजगारदाता सेक्टर में वीजा कानूनों में बदलाव व ऑटोमेशन के कारण बड़े पैमाने पर पुनर्गठन होगा। इन उपायों से रोजगार के मौके और संकुचित होंगे। प्रति श्रमिक उत्पादन क्षमता में इजाफे ने खनन जैसे क्षेत्रों में कामगारों की संख्या घटा दी है। साल 1994-95 में एक करोड़ रुपये का खनिज निकालने में 25 मजदूर लगाने पड़ते थे, अब सिर्फ 8 लगाने पड़ते हैं। तार्किक रूप से देखें तो एफडीआई में बढ़ोत्तरी से प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार बढ़ने चाहिए थे, लेकिन भारत में भौगोलिक और क्षेत्रीय विषमताओं ने अपना असर दिखाया। इतिहास को दोहराते हुए विदेशों से आया प्रत्यक्ष निवेश महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे शहरीकृत राज्यों में गया। 2014 से 2017 के बीच इन राज्यों को कुल एफडीआई का करीब 75 फीसद हासिल हुआ, और यह रुझान बढ़ता ही जा रहा है।

इसके विपरीत उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे बड़े क्षेत्रफल वाले राज्यों को इसी अवधि में विदेशों से आने वाले एफडीआई का मात्र 1 प्रतिशत मिला। जैसे-जैसे एफडीआई बढ़ेगा, शहरीकृत, संपन्न राज्य और संपन्न होंगे, जबकि अन्य राज्यों के लिए पूंजी आकर्षित करना और कठिन होता जाएगा। क्षेत्रीय भेदभाव में फायदा पाने वाले सर्विस सेक्टर और आईटी सेक्टर (2014 से 2017 के बीच कुल एफडीआई का 25 फीसद) में रोजगार के अवसर सीमित हैं, जबकि बड़ी संख्या में रोजगार सृजित करने वाले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एफडीआई की हिस्सेदारी घट रही है। 2015 में 4,652 करोड़ रुपये के मुकाबले 2017 में इसमें मात्र 703 करोड़ का निवेश आया। टेक्सटाइल एवं लेदर जैसे अन्य सेक्टरों में, जहां भारत को कुछ स्वाभाविक लाभ प्राप्त हैं, वर्ष 2000 से एफडीआई में सिर्फ 0.8 फीसद की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

मेटलवर्क में अपनी शानदार विरासत के बावजूद, मेटल और केमिकल उद्योग निचले पायदान पर बना हुआ है। यहां कुल एफडीआई का 3-4 फीसद आया। तुर्रा यह कि यह एफडीआई ज्यादातर मामलों में टैक्स से बचने के लिए आता है। वर्ष 2000 से आए कुल एफडीआई में आधा सिंगापुर और मारीशस से आया। पूंजी आकर्षित करने में भारत ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका जैसे उभरते बाजारों से आगे है, लेकिन ज्यादा रोजगार पैदा करने वाले सेक्टरों में पूंजी नहीं आ रही। हम रोजगार-हीन विकास कर रहे हैं। बीते कुछ दशकों में हमने रोजगार सृजन और कृषि आय की कीमत पर एफडीआई को बढ़ावा दिया है। एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग) में काफी रोजगार मिलता है जो अक्सर बड़ी कंपनियों का चार गुना होता है, लेकिन इस सेक्टर में विकास दर स्थिर बनी हुई है। कर्ज वापसी का खराब रेकॉर्ड, उत्पादों की सीमित मांग और निवेश की कमी इसके विकास में बड़ी रुकावटें हैं।

भारत में एक समग्र एमएसएमई कानून होना चाहिए, जिसमें भूमि अधिग्रहण, श्रमिक मामले, फैक्ट्री बनाने या किराए पर लेने जैसी सारी बातें समाहित हों। इस सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म इकाइयों को 10 साल का टैक्स हॉलिडे दिया जा सकता है, जबकि लघु व मध्यम इकाइयों के लिए नीची कर दरें लागू की जा सकती हैं। अधिक रोजगार देने वाले सेक्टरों में ज्यादा एफडीआई आकर्षित करने के लिए पिछड़े राज्यों में काम शुरू करने पर शर्तें आसान करने पर विचार किया जा सकता है। यह कदम शहरों की तरफ पलायन रोकने में भी मददगार होगा। चीन द्वारा अपने दूरस्थ इलाकों में निवेश आकर्षित करने के लिए किए गए नीतिगत उपायों का अध्ययन करके इन्हें अपने यहां लागू किया जा सकता है। निवेश बढ़ाने के लिए सिर्फ नीतिगत उपाय काफी नहीं। पिछड़े राज्यों में मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और औद्योगिक आधारभूत ढांचा बढ़ाना भी जरूरी है।

बदले प्रोफाइल

रेकॉर्ड एफडीआई के बावजूद सर्विस सेक्टर में रोजगार की कमी से निपटने के लिए नेशनल मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी से तालमेल रखते हुए सेवाओं के लिए एक एकीकृत नीति लागू की जानी चाहिए, जो शारीरिक श्रम से लेकर इंटरनेट आधारित सेवाओं तक फैली हुई हो। जरा सोचिए, तैयार कपड़े भारत में बिना शुल्क आयात किए जा सकते हैं, जबकि हाथ से निर्मित धागे पर 10 फीसद शुल्क लगता है। लैपटॉप और मोबाइल फोन आयात करना आसान है, जबकि इनके पुर्जों पर ऊंचे दर का शुल्क लगता है। एफडीआई लाने की कोशिशें जारी रहें लेकिन इसका प्रोफाइल ऐसा होना चाहिए कि यह रोजगार पैदा करने वाला हो और स्थानीय विकास को बढ़ावा दे।

(लेखक बीजेपी के सांसद हैं)

http://epaper-navbharattimes-com

***

सरकारी नौकरी न केवल परिवार का उत्थान करती है, बल्कि इसका असर दूर-दराज के रिश्तेदारों पर भी पड़ते हैं - एक कर्मचारी या अधिकारी जिस गांव या स्थान का होता है, वहां का नेतृत्व भी प्रदान करता है। जागृति का कार्य मूलतः इन्हीं के द्वारा किया जाता है। सरकारी नौकरियों एवं शिक्षण संस्थानों में आरक्षण खत्म करने की मुहिम सन् 1990 से शुरु हुई और दिन-प्रतिदिन तेज होती जा रही है, रेलवे के इस कार्यक्रम से अंदाज लगाया जा सकता है कि किस तरह से खत्म किया है।

- डॉ. उदित राज

निजी हाथों में जाएंगे देश के 23 रेलवे स्टेशन,

(₹200 करोड़ में कानपुर सेंट्रल तो 150करोड़ में ले सकते हैं इलाहाबाद)

